आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

मुख्य समाचार

- प्रदेश में तीन विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार जारी– मुख्यमंत्री ने उपचुनाव को बताया लोकतंत्र को मजबूत बनाने की लड़ाई।
- सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने देहरा क्षेत्र में किया चुनाव प्रचार– कांग्रेस पर लगाया विकास कार्य रोकने का आरोप।
- लोक सेवा आयोग कल प्रदेश भर में आयोजित करेगा एचएएस की प्रारंभिक परीक्षा– सुरक्षा के किए गए कड़े प्रबंध।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कल सुबह 11 बजे साझा करेंगे विचार।

...............

मुख्यमंत्री

प्रदेश में देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस व भाजपा का चुनाव प्रचार जारी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज देहरा में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि प्रदेश में हो रहे तीन उपचुनाव ईमानदारी और बेइमानी के बीच की लड़ाई सहित लोकतंत्र को मजबूत बनाने की भी लड़ाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 38 है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार मजबूती के साथ अपना कार्यकाल पूरा करेगी और पूरे प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आर्थिक संसाधनों में वृद्धि के लिए हर संभव प्रयास कर रही है जिसके लिए पर्यटन के साथ–साथ ग्रीन एनर्जी के दोहन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अवसर पर आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा, मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल सहित पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद रहे।

अनुराग ठाकुर

भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज से प्रदेश के दौर पर है। उन्होंने आज कांगड़ा जिले के देहरा विधानसभा क्षेत्र के उपुचनाव में पार्टी प्रत्याशी होशियार सिंह के पक्ष में कई स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में हर तरफ विकास हो रहा था लेकिन कांग्रेस की सरकार बनते ही राज्य में विकास कार्यों पर ताला लग गया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि बीते 18 महीनों में कांग्रेस सरकार ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र को विकास के पैमाने पर हाशिये पर धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि देहरा के

विकास के लिए 5 सौ करोड़ रूपए का केंद्रीय विश्वविद्यालय भाजपा की देन है जबकि कांग्रेस ने इस संस्थान को रोकने में पूरी ताकत लगाई है। इस दौरान अनुराग सिंह ठाकुर ने लोगों से उपुचनाव में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया। अनुराग सिंह ठाकुर का कल 30 जून का हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार का कार्यक्रम है।

जयराम ठाकुर

दूसरी ओर विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के. एल. ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता से सुविधाएं छीनने का काम किया है और हज़ारों संस्थान बंद कर दिए गए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने नालागढ़ में भी कई संस्थान बंद किए हैं जो जनता के साथ धोखा है।

कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस ने कहा है कि राज्य में हो रहे तीन उपचुनाव भाजपा द्वारा जनता पर थोपे गए हैं। कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद भाजपा पूरी तरह से बैकफुट पर है और तीन उपचुनाव में भी भाजपा को हार का मुंह देखना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा का अब कोई भी षड़यंत्र सफल होने वाला नहीं है।

निष्कासन

भाजपा ने नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध चुनाव लड़ने पर युवा मोर्चा के प्रदेश सहमीडिया प्रभारी हरप्रीत सिंह सैणी की प्राथमिक सदस्यता को तुरंत प्रभाव से 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल के आदेशानुसार ये कार्रवाई की गई है।

होम वोटिंग

चुनाव आयोग प्रदेश में होने जा रहे उपचुनाव में भी 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दे रहा है। ऐसे में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में पात्र मतदाताओं के लिए होम वोटिंग प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। इस विधानसभा क्षेत्र में कुल 6 सौ 70 लोगों ने घर से ही मतदान करने के लिए आवेदन किया है। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में होम वोटिंग के लिए दस मतदान टीमें बनाई गई हैं।

वन अधिकार

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार जनजातीय जिलों में वन अधिकार अधिनियम 2006 को प्राथमिकता के आधार पर लागू करेगी। इसके बाद अन्य हिस्सों में भी

इसे लागू किया जाएगा ताकि जनजातीय क्षेत्रों के साथ–साथ प्रदेश के विभिन्न भागों के लोगों को इस कानूनी अधिकार का उचित लाभ मिल सके। चंबा जिले के भरमौर में एक कार्यशाला में उन्होंने बताया कि ये अधिनियम एक ऐसा ऐतिहासिक कानून है जिसमें पंचायतों में होने वाली ग्राम सभाओं को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ज़मीन देने का अधिकार प्राप्त है। कार्यशाला में अधिनियम से जुड़े कानूनी पहलुओं की अहम जानकारी दी गई।

एचएएस परीक्षा

राज्य लोक सेवा आयोग कल 30 जून को प्रदेश भर में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित करेगा। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। आयोग के अनुसार दो सत्रों में होने वाली इस परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र में उम्मीदवारों का प्रवेश परीक्षा के शुरू होने से एक घंटा पूर्व शुरू हो जाएगा जबकि परीक्षा आरंभ होने के तुरंत बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ये परीक्षा सुबह के सत्र में 10 बजे जबकि दोपहर के सत्र में 2 बजे आयोजित की जाएगी। कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में एचएएस परीक्षा के लिए 12 केंद्र बनाए गए हैं। कांगड़ा के अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने आज परीक्षा के संचालन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि परीक्षा का आयोजन सीसीटीवी की निगरानी में किया जाएगा।।

सांख्यिकी दिवस

देश भर में आज राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया गया। ये दिन आधुनिक सांख्यिकी के जनक प्रशांतचंद्र महालनोबिस के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के मौके पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य के विभिन्न जिलों में आयोहित कार्यशालाओं में जानकारी दी गई कि विकासात्मक योजनाओं व नीतियों का खाका तैयार करने व इन्हें क्रियान्वित करने में सांख्यिकी की बड़ी भूमिका रहती है। सही आंकड़ों के आधार पर ही सही नीतियां व योजनाएं तैयार कर इन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकता है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई. आर. मोबाईल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, पी.एम.ओ. और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

अभियान

देश भर में पहली जुलाई से स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। ये अभियान 31 अगस्त तक चलेगा और इस अभियान का विषय ''डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान'' रखा गया है। इस अभियान को लेकर किन्नौर जिला प्रशासन ने आज रिकांगपिओ में एक बैठक की। उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने बताया कि इस अभियान के तहत पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों में डायरिया को पूरी तरह समाप्त करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत जिला व खंड स्तर पर अभिभावकों को डायरिया की रोकथाम के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा बच्चों में प्रतिरक्षण को बढ़ाने, स्वस्थ आहार सहित साफ पानी के उपयोग पर विशेष बल दिया जाएगा।

जिला परिषद

कुल्लू जिला परिषद की एक बैठक आज जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विकास कार्यों सें जुड़े कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि इस बैठक में मॉनसून के दौरान आपात स्थिति से निपटने के लिए भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि जल्द ही आउटर सिराज के जगातखाना से बैहना के बीच सतलुज नदी में रिवर राफ्टिंग शुरू किए जाने की योजना है। इस इलाके में रिवर राफ्टिंग शुरू होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मौसम

प्रदेश में दक्षिणी–पश्चिमी मानसून के प्रवेश के साथ ही वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया है। आज भी अधिकांश स्थानों पर वर्षा होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मानसून को देखते हुए राज्य सरकार ने लोगों को सतर्कता बरतने और नदी नालों के नजदीक न जाने की सलाह दी है। बीते वर्ष मानसून में हुई भारी बारिश को देखते हुए इस वर्ष सभी विभागों को विशेष सतर्कता बरतने के आदेश दिए गए हैं।

नमस्कार।